कार्यालय केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय मुरादाबाद।

प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–2026 की अवधि के लिए जनपद न्यायालय मुरादाबाद परिसर में स्थित 5 कैन्टीन यथा– नजारत के सामने पूर्व मुखी कैन्टीन, नजारत के सामने पश्चिम मुखी कैन्टीन, 12 कोर्ट भवन स्थित कैन्टीन/स्थल, एम०ए०सी०टी० कोर्ट के सामने स्थित कैन्टीन और सिविल जजी ब्लॉक स्थित कैन्टीन तथा 1 फोटो स्टेट दुकान को वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए नियमानुसार ठेके पर उठाया जाना है। इसके लिए दिनांक 05.04.2025 दिन शनिवार को समय सांय 04.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति अपनी–अपनी निविदाएं केंद्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में दाखिल करें। निविदा के साथ रूपये 10,000/– नकद जमा करना होगा। उक्त कैंटीनों एवं फोटो स्टेट की दुकान को ठेके पर उठाये जाने के लिए नीलामी दिनांक 07.04.2025 दिन सोमवार को शाम 04.30 बजे केंद्रीय कक्ष, दस कक्षीय भवन जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में सम्पन्न होगी।

नीलामी से सम्बंधित अन्य जानकारी केंद्रीय नजारत, जनपद न्यायालय मुरादाबाद से प्राप्त की जा सकती है।

दिनांकः 02.04.2025

(राकेश कुमार गौतम)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं0 12, मुरादाबाद।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :–

1– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायालय, मुरादाबाद।
2– नोटिस बोर्ड, कलक्ट्रेट, मुरादाबाद।
3– समस्त बार एसोसिएशन मुरादाबाद।
4– केंद्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, मुरादाबाद को स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराने एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराये जाने हेतु।
5–कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय मुरादाबाद को उक्त प्रेस विज्ञप्ति की एक छायाप्रति जनपद न्यायालय की बेवसाईट पर अलोड करनें हेतु प्रेषित की जायें।

(राकेश कुमार गौतम)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं0 12, मुरादाबाद।